>

Title : Need to expedite the construction of a bridge over river Ganga connecting Sahibganj in Jharkhand with Manihari in Bihar.

श्री हेमलाल मुर्मू (राजमहल) : महोदय, झारखंड एवं बिहार राज्य के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विरासत को बचाने के लिए अति लोक उपयोगी परियोजना साहिबगंज-मनिहारी के मध्य गंगा नदी पर पुल निर्माण हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार है और परामर्श सेवाएं भी ली गयी हैं। इस संबंध में माननीय सांसदों के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा परियोजना की उपयोगिता एवं महता के संबंध में केन्द्र सरकार को अवगत कराया गया है और सरकार द्वारा आश्वस्त कराया गया था कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में परियोजना का कार्य पूरा करा लिया जायेगा, परन्तु उक्त परियोजना की प्रगति संतोषजनक नहीं है।

अतः केन्द्र सरकार से आग्रह है कि उपर्युक्त परियोजना का कार्य प्राथमिकता के आधार पर वर्तमान वित्तीय वर्ष में सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक एवं प्रभावी कदम उठाए जायें ताकि दो राज्यों की जनता को आवश्यक एवं मूलभूत सुविधाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।